न्यायालय उपखण्ड अधिकारी नवलगढ़ जिला झुन्झुनू

पीठासीन अधिकारी श्री जयसिह (आर.ए.एस.)

जीसीएमएस नम्बर 2025/373

मुकदमा नम्बर 109/2025

दर्ज दिनांक–07.07.2025

सेडुराम उर्फ सीताराम पुत्र झंगाराम जाति माली निवासी वार्ड नम्बर 1, गुमानीराम की ढाणी, नवलगढ तहसील नवलगढ, जिला–झुझुंनू

– आवेदक

बनाम

राजस्थान–सरकार जरिये तहसीलदार नवलगढ़

–अनावेदक

वकील वादी : – प्रार्थी स्व0यं
वकील प्रति. :– राज. पैरोकार

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट

:: निर्णय ::

निर्णय दिनांक 07.07.2025

प्रार्थीगण द्वारा एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल. आर. अधिनियम का प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम नवलगढ तहसील नवलगढ की सरहद में नई खाता संख्या 231 पुराना 214 भूमि के राजस्व रिकॉर्ड काश्तकार संख्या 66 पर दर्ज सेडूराम पुत्र झंगाराम के स्थान पर सीताराम पुत्र झंगाराम दुरूस्त करने बाबत।

प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया, तलबी अनावेदक की जारी की गई। अनावेदक कि और से पैरोकार राज उपस्थित हो रिर्पोट पेश की गई। जिसके अनुसार राजस्व रिकॉर्ड में नाम दुरूस्त किया जाना उचित है।

प्रार्थीगण की बहस सुनी गई। प्रार्थीगण के मुतागिक तहसीलदार नवलगढ कि रिपोर्ट दिनांक 03.07.2025 के अनुसार रिकॉर्ड दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया।

प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत बहस का मनन किया गया। प्रार्थना पत्र वादीगण का प्रार्थना पत्र के समर्थन मं प्रस्तुत शपथ पत्र, पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजो तथा प्रकरण में तहसीलदार की रिर्पोट के आधार पर प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना न्यायोचित है।

लिहाजा आवेदक को प्रार्थना पत्र पोषणीय और न्यायोचित होने से स्वीकार किया जाता है तथा राजस्व ग्राम नवलगढ तहसील नवलगढ की सरहद में नई खाता संख्या 231 पुराना 214 भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में काश्तकार संख्या 66 पर दर्ज **सेडूराम पुत्र झंगाराम के स्थान पर सीताराम पुत्र झंगाराम दुरूस्त** किये जाने के आदेश दिये जाते है।

उपखण्ड अधिकारी
नवलगढ़ (झुन्झुनूं)

मुताबिक आदेश तहसीलदार नवलगढ राजस्व रिकॉर्ड में दुरूस्ती तथा आवश्यक अमलदरामद करे। तहसीलदार नवलगढ को पृथक से तहरीर जारी हो।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील जाप्ता दाख़िल दफतर हो । निर्णय/आदेश आज **दिनांक 07.07.2025** को मेरे द्वारा लिखावाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(जयसिंह)
उपखण्ड अधिकारी
नवलगढ

उपखण्ड अधिकारी
नवलगढ़ (झुन्झुनूं)